I/372497/2023

संख्या-63/2023/ — /001-2451 26-3-2023-1624039

प्रेषक,

राज कुमार झा
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 22 अगस्त, 2023

विषय:- राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-533/स0क0/विकास/छात्रावास-बजट/2023-24, दिनांक-27.06.2023, पत्रांक संख्या-746/स0क0/विकास/छात्रावास-बजट/83/2023-24, दिनांक-28.07.2023 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है, कि वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-2/2023/ बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक-17 मार्च 2023 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों के अधीन चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान संख्या-83 के लेखाशीर्षक-2225-अनूसूचित जातियों,अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछडे वर्गो का कल्याण, 01-अनुसूचित जातियों का कल्याण-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, 10-अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रावास के संचालन हेतु प्राविधानित धनराशि **रू0-599.00 लाख (रू-पांच करोड़ निन्यान्वे लाख मात्र)** की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन व्यय किये जाने हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं:-

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

(1) स्वीकृत की जा रही धनराशि वर्ष 2023-24 के लिये है, जिसके सापेक्ष अनुदान के अन्तर्गत होने वाले सम्भावित व्यय की फेजिंग कार्य की प्रकृति एवं अवसर के अनुसार कर लें, जहां तक सम्भव हो, व्यय की फेजिंग प्रतिमाह समान रूप से की जाय। बजट आवंटन में इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया जाय कि आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार से धनराशि का आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जाय यदि सम्बन्धित विभाग के आहरण एवं वितरण अधिकारी जनपद स्तर पर हैं, तो जनपद स्तर पर व्यय की जाने वाली धनराशियों को सम्बन्धित जनपदों के आहरण एवं वितरण अधिकारी को आवंटित की जाय। ऐसे मामलों में विभागाध्यक्ष स्तर पर एक मुश्त धनराशि का आहरण न किया जाय। धनराशि के एक मुश्त आहरण से राज्य के रोकड़ प्रबन्धन (कैश मैनेजमेन्ट) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(2) स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय हेतु वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय संख्या-2/2023/ बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक-17 मार्च 2023 में दिये गये दिशा-निर्देशों एवं प्राविधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का आवंटन (एलाटमेन्ट) मात्र किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। धनराशि व्यय करने से पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल, फाइनेन्शियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की

स्वीकृति आवश्यक हो, उनमें ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये। धनराशि के व्यय हेतु शासन द्वारा मितव्ययिता के संबंध में समय-समय पर निर्गत सुसंगत वित्तीय नियमों तथा आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये तथा उ0प्र0 बजट मैनुअल के पैरा-88 में इंगित व्यवस्था के अनुसार व्यय को प्राधिकृत विनियोग सीमा/स्वीकृत/अवमुक्त धनराशि के भीतर रखा जाये।

(3) वित्तीय स्वीकृतियों के सापेक्ष व्यय की नियमित संवीक्षा अपने स्तर पर किये जाने की व्यवस्था करें तथा समीक्षा में यदि किसी मामले में सीमाधिक्य व्यय दृष्टिगोचर हो तो उसे तत्काल शासन के समाज कल्याण विभाग तथा संबंधित वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग के संज्ञान में लाया जाये। इस संबंध में बी0एम0-13 में नियमित रूप से शासन को सूचना उपलब्ध कराई जाये तथा बजट मैनुअल में निर्धारित विभिन्न प्रपत्रों के माध्यम से इस संबंध में निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

(4) उक्त स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय के विवरण सहित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। उपर्युक्त धनराशि व्यय किये जाने के संबंध में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गई शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डड्र्स आफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय

लेखाशीर्ष: 2225017891000 (अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन)

	अनुदान संख्या	लेखा शीर्षक	मानक मद	स्वीकृत धनराशि
1	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	01 वेतन	1,00,00,000 (रुपये एक करोड़ मात्र)
2	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	03 मंहगाई भत्ता	45,00,000 (रुपये पैंतालीस लाख मात्र)
3	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	04 यात्रा व्यय	35,000 (रुपये पैंतीस हजार मात्र)
4	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	05 स्थानान्तरण यात्रा व्यय	50,000 (रुपये पचास हजार मात्र)
5	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	06 अन्य भत्ते	50,000 (रुपये पचास हजार मात्र)
6	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	07 मानदेय	50,000 (रुपये पचास हजार मात्र)
7	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	08 कार्यालय व्यय	3,30,000 (रुपये तीन लाख तीस हजार मात्र)
8	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	09 विद्युत देय	87,88,000 (रुपये सतासी लाख अट्ठासी हजार मात्र)
9	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के	10 जलकर / जल प्रभार	30,37,000 (रुपये तीस लाख सैंतीस

		छात्रावासों का संचालन		हजार मात्र)
10	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	11 लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	55,000 (रुपये पचपन हजार मात्र)
11	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	12 कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	1,10,000 (रुपये एक लाख दस हजार मात्र)
12	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	16 व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	2,00,000 (रुपये दो लाख मात्र)
13	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	29 अनुरक्षण	30,00,000 (रुपये तीस लाख मात्र)
14	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	42 अन्य व्यय	1,65,000 (रुपये एक लाख पैंसठ हजार मात्र)
15	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	51 वर्दी व्यय	30,000 (रुपये तीस हजार मात्र)
16	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	55 मकान किराया भत्ता	5,00,000 (रुपये पांच लाख मात्र)
17	083	2225017891000 अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं के छात्रावासों का संचालन	58 आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान	2,90,00,000 (रुपये दो करोड़ नव्वे लाख मात्र)
	कुल			**5,99,00,000 (रुपये पांच करोड़ निन्यानवे लाख मात्र)**

महायोग	5,99,00,000 (रुपये पांच करोड़ निन्यानवे लाख मात्र)

के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 2/2023/बी-1-227 /दस-2023-231/2023, दिनांक- 17-मार्च, 2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

राज कुमार झा
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

Signed by राज कुमार झा
Date: 21-08-2023 18:35:25
Reason: Approved

I/372497/2023

संख्या- /2023/ /001-2451 26-3-2023-1624039, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0इलाहाबाद।
3- प्रधान महालेखाकार, (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज।
4- निदेशक, स्थानीय निधि, लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2 उ0प्र0शासन।
7- वित्त नियंत्रक, निदेशालय, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
8- निदेशक, एन0आई0सी0।
9- गार्डफाइल।

आज्ञा से,

राजकुमार झा

राज कुमार झा
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।